**28/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज नेपाल में जारी राहत और बचाव प्रयासों पर चर्चा की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि काठमांडू और बीजिंग स्थित भारतीय दूतावासों ने नेपाल में भारतीय नागरिकों की स्थिति और उनके बारे में जानकारी उपलब्ध कराई है। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश मंत्रालय के संबंधित प्रभागों ने नेपाल भेजी जाने वाली अतिरिक्त राहत सामग्री के संबंध में जानकारी दी है। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि त्रिशूली-1 जलविद्युत परियोजना में कार्यरत तीरसठ भारतीय नागरिकों को प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि छियानबे अन्य भारतीय नागरिक, जो चीन की ओर फंसे हुए थे, सुरक्षित रूप से सड़क मार्ग से नेपाल पहुंच गए हैं और उन्हें वहां से निकालने के प्रयास जारी हैं।

श्री जायसवाल ने कहा कि तमिलनाडु के इक्कीस भारतीय नागरिक, जो कल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से काठमांडू पहुंचे थे, आज दोपहर नई दिल्ली पहुंच गए हैं। चीन की ओर लगभग चार सौ भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं और अपने परिवारों के संपर्क में हैं।

उन्होंने कहा कि बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों, टीम लीडर्स और ट्रैवल एजेंट्स के साथ समन्वय कर उनके सुरक्षित निकासी की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार ने विदेश मंत्रालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है। काठमांडू और बीजिंग स्थित भारतीय दूतावासों ने भी चौबीस घंटे हेल्पलाइन स्थापित की हैं।

0000000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह पर्व भाई-बहनों के बीच प्रेम, स्नेह और विश्वास के बंधन को और मजबूत कर समाज में अधिक सद्भाव, आपसी सौहार्द और शांति की भावना को प्रेरित करेगा।

0000000000000000000000000000

स्थानीय समुदाय के साथ अपने मजबूत और स्थायी संबंधों की पुष्टि करते हुए स्पीयर कॉर के तत्वावधान में स्पीयरहेड डिवीजन ने आज मेबो स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ रक्षाबंधन का आयोजन किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सेना के जवानों को राखियां बांधीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और सेना के जवानों के बीच बातचीत हुई, जिससे सौहार्द, आपसी सम्मान और राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को बढ़ावा मिला।

इस आयोजन ने सेना और युवा पीढ़ी के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए एक सार्थक मंच प्रदान किया।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग की टीम ने अध्यक्ष ताई ताराक के नेतृत्व में लोअर सियाङ ज़िले का दौरा किया। टीम ने लिकाबाली स्थित डीसी कॉनफ्रेंस हॉल में ज़िला प्रशासन और विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक की। जिसका उद्देश्य अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन और निगरानी सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत कराना था। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष ने अधिनियम के प्रावधानों और इसके प्रभावी कार्यान्वयन तथा निगरानी में विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं की जानकारी दी, ताकि अधिनियम का लाभ लोगों तक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के बीच बैठक और समन्वय की प्रक्रिया लगातार बनाए रखने पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000000000

जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, पासीघाट के रेड रिबन क्लब और एनएसएस द्वारा अरुणाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सहयोग से आज JNC में रेड रन मिनी मैराथन 2026 का आयोजन किया।

यह आयोजन अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के साथ-साथ किया गया। कार्यक्रम का विषय था **"Youth for HIV and STI"**, जिसमें युवाओं के बीच एचआईवी और यौन संचारित संक्रमणों के प्रति जागरूकता, जांच और रोकथाम के महत्व पर ज़ोर दिया गया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में पहली बार आयोजित जीरो मड फेस्टिवल का शुभारंभ कल जीरो के लोदर कोंटी, मानिपोल्यांग, होंग में हुआ। तीन दिवसीय मोटरस्पोर्ट्स आयोजन का संचालन युवा प्रमोटर ताखे ताले के नेतृत्व में जीरो ऑफरोड एडवेंचर (ZOA) द्वारा किया जा रहा है। राज्य के विभिन्न मोटर क्लब्स का प्रतिनिधित्व करने वाले चालीस से अधिक प्रतियोगी अपने वाहनों के साथ पहले जीरो मड फेस्टिवल में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता तीन अलग-अलग श्रेणियों Stock, Semi-Modified and Women's categories में आयोजित की जा रही है।

0000000000000000000000000

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 2026 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। डायमंड लीग का फाइनल अगले महीने ब्रसेल्स में आयोजित किया जाएगा। नीरज चोपड़ा ने स्टैंडिंग में बारह अंक हासिल किए हैं।

उन्होंने जून में दोहा में आयोजित डायमंड लीग प्रतियोगिता में पचासी दशमलव छह नौ मीटर भाला फेंककर चौथा स्थान हासिल किया था। इसके बाद इस महीने की शुरुआत में लॉज़ेन में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने अट्ठासी दशमलव शून्य पांच मीटर का अपना इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दूसरा स्थान हासिल किया। इस सत्र में दो डायमंड लीग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बाद नीरज चोपड़ा स्टैंडिंग में छठे स्थान पर हैं। उनके इन दोनों प्रदर्शनों ने उन्हें डायमंड लीग फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त अंक दिलाए।

000000000000000000000000000